नईदुनिया
जबलपुर, शनिवार 25 मार्च 2017

साइबर क्राइम प्रदेश के एडीजी पुलिस वरुण कपूर बोले–पांच साल में 1300 प्रतिशत बढ़ा साइबर क्राइम

अनजाने में गलती से बन जाते हैं अपराधी

जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

पिछले 5 वर्ष में देश में 1300 प्रतिशत की दर से साइबर क्राइम बढ़ा है। जो चिंता का विषय है। वर्चुअल वर्ल्ड में सुरक्षा की खामियों के मद्देनजर पासवर्ड सदैव नियम से बनाना चाहिए। सोशल मीडिया के क्षेत्र में अधिकांश लोग अनजाने में गलती कर जाते है और कानून के चक्कर में फंस जाते हैं। यह बात ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज में साइबर क्राइम सिक्युरिटी पर अवेयरनेस संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित वर्कशॉप में प्रदेश के एडीजी पुलिस वरुण कपूर ने कही।



एडीजी पुलिस वरुण कपूर जानकारी देते हुए।

40 % साइबर क्राइम विद्यार्थियों पर

वरुण कपूर ने बताया कि गत वर्ष साइबर क्राइम में दर्ज अपराधों में से 40 प्रतिशत विद्यार्थियों पर दर्ज हुए थे, जिनमें से अधिकांश अनजाने में अपराध की श्रेणी में आ गए।

क्रेडिट–डेबिट कार्ड में धोखाधड़ी

इंफर्मेशन, कॉमर्स, कम्युनिकेशन, सोशल नेटवर्किंग, इंटरटेनमेंट आदि साइबर स्पेस के क्षेत्र में यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उसी अनुपात में अपराध भी। क्रेडिट व डेबिट कार्ड के सबसे अधिक अपराध वरिष्ठ नागरिकों के साथ किए जा रहे है।

विद्यार्थियों को पुरस्कार

श्री कपूर ने आईटी एक्ट, फाइनेंसियल फ्राड, स्पेश, फेसबुक, वाट्सअप, एटीएम, सोशल मीडिया, रीड वर्ल्ड, वर्चुअल वर्ल्ड आदि पर भी रोचक जानकारी दी। वर्कशॉप में सर्वश्रेष्ठ सहभागिता के लिए उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल इंदौर के डीएसपी राजेन्द्र सिंह वर्मा व एसआई अजय सिंह सहित संस्था अध्यक्ष इंजीनियर डीसी जैन, डॉ. मनीष चौबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पंकज गोयल, विशेष जैन, प्राध्यापक मंडल एवं विद्यार्थियों कि उपस्थिति रही। संचालन प्रो. रितु अहलुवालिया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. विनोद कापसे ने किया।